पंजाब केसरी
MON,16 OCTOBER 2023
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO

सी.आर.एस.यू. के डा. विजय का हुआ डिजाइन पेटैंट

जींद, 15 अक्तूबर (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. विजय कुमार का एक डिजाइन पेटैंट हुआ है। डिजाइन का विषय है फसल उत्पादन के निर्धारण में रोबोट।

डा. विजय कुमार ने बताया कि इस मशीन को कंप्यूटर साइंस के विशेषज्ञों की सहायता से प्रोग्रामिंग करके बनाया जा सकता है। इस रोबोट मशीन की सहायता से फसल की लागत को कम किया जा सकता और उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। यह रोबोट मशीन किसानों की आमदनी को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

प्रो. सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विश्वविद्यालय को अच्छी रैंकिंग दिलवाने में भी मददगार रहेंगी। सोशल साइंसेज के डीन और अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सुनील फौगाट ने कहा कि यह हमारे अर्थशास्त्र विभाग और फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर डा. विशाल वर्मा, डा. निशा व अन्य फैकल्टी मैंबर्स मौजूद रहे।

सीआरएसयू के डा. विजय कुमार का डिजाइन पेटेंट, किया सम्मानित

डिजाइन पेटेंट होने पर डा. विजय कुमार को सम्मानित करते वीसी डा. रणपाल। ● सौ. विवि

जागरण संवाददाता, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. विजय कुमार का एक डिजाइन पेटेंट हुआ है। डिजाइन का विषय है फसल उत्पादन के निर्धारण में रोबोट।

डा. विजय कुमार ने बताया कि इस मशीन को कंप्यूटर साइंस के विशेषज्ञों की सहायता से प्रोग्रामिंग करके बनाया जा सकता है। इस रोबोट मशीन की सहायता से फसल की लागत को कम करके उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। ये मशीन किसानों की आमदनी को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है। यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी और राष्ट्रीय आय व किसानों की प्रति व्यक्ति आय को भी बढ़ाने में मदद करेगी। विवि की कंप्यूटर साइंस फैकल्टी के साथ मिलकर इसकी प्रोग्रामिंग को लेकर काम करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि इसके बेहतर परिणाम मिलेंगे। वीसी डा. रणपाल सिंह ने बधाई देते हुए कहा की इस प्रकार के डिजाइन को विव के इनक्यूबेशन सेंटर के द्वारा बनाने का प्रयास करेंगे। रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने कहा की यह विवि के लिए एक गौरव की बात है।

सीआरएसयू के प्राध्यापक की डिजाइन हुई पेटेंट

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। सीआरएसयू के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार की एक डिजाइन पेटेंट हुई है। डिजाइन का विषय है फसल उत्पादन के निर्धारण में रोबोट। डॉ. विजय कुमार ने बताया कि इस मशीन को कंप्यूटर साइंस के विशेषज्ञों की सहायता से प्रोग्रामिंग करके बनाया जा सकता है।

इस रोबोट मशीन की सहायता से फसल की लागत को कम किया जा सकता और उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। यह रोबोट मशीन किसानों की आमदनी को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है। यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी और राष्ट्रीय आय तथा किसानों की प्रति व्यक्ति आय को भी बढ़ाने में मदद करेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा की इस प्रकार की डिजाइन को विश्वविधालय के इनक्यूबेशन सेंटर के द्वारा बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा की इस प्रकार के पेटेंट विश्वविद्यालय की रैंकिंग को ऊपर उठाने में मददगार साबित होते हैं। इस विश्वविद्यालय में सोशल साइंसेज का यह पहला पेटेंट है और विश्वविद्यालय का यह तीसरा पेटेंट है।

प्रोफेसर सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा की इस प्रकार की उपलब्धियां विश्वविद्यालय को नेक की अच्छी रैंकिंग दिलवाने में भी मददगार रहेंगी।

डॉ. विजय कुमार को पेटेंट के साथ बधाई देते हुए कुलपति व अन्य। विज्ञप्ति